(3) प्रतापगढ़ - 1033.77 वर्ग किमी.
(4) बांरा - 1010.05 वर्ग किमी.
(5) चित्तौड़गढ़ - 990.04 वर्ग किमी.

1989. सन् 2019 की भारतीय वन रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो वर्ष में राजस्थान में वन क्षेत्रफल में कितना परिवर्तन हुआ है?

(a) 57.51 वर्ग किमी. (b) + 57.51 वर्ग किमी.
(c) -16.79 वर्ग किमी. (d) +16.79 वर्ग किमी.

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (b) वर्ष-2017 से 2019 के बीच राजस्थान के वन क्षेत्रफल में 57.51 km^2 की वृद्धि देखने को मिली है। वन रिपोर्ट-2021 के अनुसार राजस्थान में कुल वन क्षेत्रफल लगभग 32,864.62 km^2 है। यह प्रतिशत के मामले में 9.60% राज्य के कुल क्षेत्रफल के बराबर है। वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2021 में वन के क्षेत्रफल में 25 km^2 की वृद्धि दर्ज की गई।

1990. निम्नलिखित में से कौन सा वनोत्पाद राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बनाने के काम मे लिया जाता है?

(a) बाँस (b) महुआ
(c) सेब (d) आम

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (b) राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बनाने में महुआ का प्रयोग किया जाता है। महुआ एक वनोत्पाद के रूप में प्रयोग किया जाता है।

1991. राजस्थान के किस जिले में उष्णकटिबन्धीय शुष्क कंटीले वन पाए जाते हैं?

(a) अजमेर (b) जयपुर
(c) जैसलमेर (d) धौलपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (c) राजस्थान के जैसलमेर जिले में उष्णकटिबन्धीय शुष्क कंटीले वन पाए जाते हैं। उष्ण कटिबन्धीय काँटेदार वनों में पाई जाने वाली प्रमुख प्रजातियाँ निम्नलिखित है- बबूल नीलोटिका, बबूल ल्यूकोफ्लोआ जिजीकस एसवीपी आदि। इस प्रकार के वन पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर पाली बाड़मेर, नागौर, चुरु और बीकानेर आदि जिलों में पाए जाते हैं।

1992. राजस्थान के कौन से भाग में बाँस वन पाये जाते हैं?

(a) पश्चिमी क्षेत्र (b) पूर्वी क्षेत्र
(c) दक्षिणी क्षेत्र (d) उत्तरी क्षेत्र

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (c) राज्य के दक्षिणी क्षेत्र में बाँस वन पाये जाते है।इसके अन्तर्गत उदयपुर प्रतापगढ़ डूँगरपुर व बांसवाड़ा जिले आते है। बॉसवाड़ा जिले को बाँस की भूमि कहा जाता है। यह राज्य के दक्षिणी सिरे पर स्थित है और महारावल जगमल सिंह द्वारा बनायी गयी एक रियासत हैं बांसवाड़ा को 100 द्वीपों का शहर भी कहा जाता है क्योंकि शहर के अन्दर बहने वाली माही नदी में कई छोटे द्वीप है।

1993. राजस्थान में सदाबहार बन पाए जाते हैं-

(a) उदयपुर में (b) माउंट आबू में
(c) कोटा में (d) अजमेर में

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (b) राजस्थान के माउंट आबू के पर्वतीय क्षेत्र की जलवायु आर्द्र एवं नम है, जिसके कारण इस क्षेत्र में सदाबहार वन पाये जाते हैं। राजस्थान राज्य के 9.60 भूभाग पर वन पाये जाते हैं तथा सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला जिला उदयपुर है।

1994. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

वनोत्पाद	**वृक्ष**
(i) इमारती	(a) खैर
(ii) चारकोल	(b) कीकर
(iii) कत्था	(c) तेंदू
(iv) बीड़ी	(d) शीशम

कूट :

	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(a)	(a)	`(b)	(c)	(d)
(b)	(d)	(c)	(b)	(a)
(c)	(c)	(b)	(d)	(a)
(d)	(d)	(b)	(a)	(c)

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (d) सही सुलेमन है-

वनोत्पाद		**वृक्ष**
इमारती	–	शीशम
चारकोल	–	कीकर
कत्था	–	खैर
बीड़ी	–	तेंदू पत्ता

1995. 'इंडिया स्टेट ऑफ फोरेस्ट रिपोर्ट-2017 (आई.एस.एफ.आर)' के अनुसार राजस्थान में कुल वन क्षेत्र है

(a) 8.41% (b) 9.57%
(c) 10.41% (d) 11.2%

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) इंडिया स्टेट ऑफ फारेस्ट रिपोर्ट 2017 के अनुसार राजस्थान में कुल वन क्षेत्र 9.57 % का जबकि भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल के 9.60 प्रतिशत भू-भाग पर वन क्षेत्र है तथा अभिलेखित वन क्षेत्र की दृष्टि से देश में इसका 15वाँ स्थान है।

1996. राजस्थान के कौन से जिले में वन रिपोर्ट-2017 के अनुसार सर्वाधिक वन क्षेत्र है?

(a) सिरोही (b) उदयपुर
(c) अलवर (d) प्रतापगढ़

JE Civil Degree Exam Date -16-10-2016
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (b) वन रिपोर्ट-2017 के अनुसार सर्वाधिक वन क्षेत्र उदयपुर जिले में है। वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक वन क्षेत्र उदयपुर अलवर (1195.91 वर्ग किमी) जिले में है। जबकि सबसे कम वन क्षेत्र चुरू (77.69 वर्ग किमी.) में पाया जाता हैं।